# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 179/2024

**बिहार विशेष विद्यालय अध्यापक पात्रता परीक्षा (BSSTET), 2023 के CRR No. पुनः अपलोड करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 426/2024 के आलोक में बिहार विशेष विद्यालय अध्यापक पात्रता परीक्षा (BSSTET), 2023 में सम्मिलित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा में भरे गए ऑनलाईन आवेदन पत्र में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा भारतीय पुनर्वास परिषद् द्वारा निर्गत वैध CRR No. अंकित नहीं किया गया है तथा कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा त्रुटिपूर्ण CRR No. अंकित किया गया है। जबकि उक्त विज्ञप्ति में सभी अभ्यर्थियों को स्पष्ट रूप से निदेश दिया गया था कि भारतीय पुनर्वास परिषद् का वैध CRR No. अंकित करना अनिवार्य है।

2. उक्त परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों का CRR No. समिति की वेबसाईट **https://www.bsebstet.com** पर **दिनांक 16.05.2024** को अपलोड कर दिया गया है।

3. उक्त परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी समिति के उक्त वेबसाईट पर क्लिक कर Application Number एवं DOB अंकित कर लॉगिन करेंगे। तत्पश्चात् अपने CRR No. की पुनः जाँच करेंगे तथा **दिनांक 16.05.2024 से 20.05.2024 तक** समिति के उक्त वेबसाईट पर भारतीय पुनर्वास परिषद् द्वारा निर्गत वैध CRR No. एवं निर्गत तिथि को पुनः अंकित करेंगे तथा अपना CRR No. का प्रमाण पत्र भी अपलोड करेंगे। CRR No. दिनांक 27.12.2023 के पूर्व निर्गत होना चाहिए।

4. उक्त तिथि के बाद अभ्यर्थी का CRR No. अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर वैसे अभ्यर्थी का अभ्यर्थित्व (Candidature) रद्द कर दिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी की होगी। उक्त तिथि के बाद CRR No. में त्रुटि सुधार/अपलोड़ करने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

Scanned with CamScanner